**B**

**SL. No. : Q**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

**CCE RR**
**UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2018 ] [ Date : 28. 06. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. ई-गवर्नेंस से क्या लाभ है ?

2. साहनी जी का बचपन किससे वंचित था ?

3. तिम्मक्का के पति चिक्कय्या क्या काम करते थे ?

4. आज की दुनिया कैसी है ?

5. भारत-भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है ?

6. चंद्रशेखर कंबार को ज्ञानपीठ पुरस्कार क्यों मिला ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| **'क'** | **'ख'** |
|---|---|
| अ) नोबेल पुरस्कार | i) आदर्श व्यक्तित्व |
| आ) भिखारी ने बचाया | ii) कृष्ण शिकायत करता है |
| इ) तिम्मक्का | iii) करोड़पति को |
| ई) यशोदा से | iv) गीतांजलि |
| | v) यामा |
| | vi) बलराम शिकायत करता है |
| | vii) लोक साहित्य । |

III. प्रथम दो शब्दों के सबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. गिल्लू : महादेवी वर्मा : : बसंत की सच्चाई : .......................

9. मजदूरों के नेता : पंडित राजकिशोर : : सम्मेलन के मुख्य अतिथि : .......................

10. साहित्य प्रेमी : चंद्रशेखर कंबार : : वृक्ष प्रेमी : .......................

11. प्रभो : जयशंकर प्रसाद : : अभिनव मनुष्य : .....................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. रवींद्रनाथ ठाकुर ने 'सर' की उपाधि क्यों त्याग दी ?

13. करोड़पति के होश-हवास क्यों उड़ गए ?

14. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

15. भीष्म साहनी बचपन में अन्य बालकों से क्यों जलते थे ?

16. परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

17. राष्ट्रभाषा हिन्दी के बारे में कंबार जी के विचार क्या हैं ?

18. 'दिनकर' के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

19. मुखिया को मुख के समान होना चाहिए । कैसे ?

20. कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ?

21. शनि को ठंडा ग्रह क्यों कहते हैं ?

**अथवा**

शनि ग्रह का वायुमंडल किससे बना है ?

22. सत्य के बारे में गाँधीजी के विचार क्या हैं ?

**अथवा**

'समय का सदुपयोग' से क्या तात्पर्य है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $4 \times 3 = 12$

23. गिल्लू के प्रति महादेवी जी का वात्सल्य कैसे प्रदर्शित है ? वर्णन कीजिए ।

24. बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? विवरण दीजिए ।

25. 'मातृभूमि' कविता के आधार पर भारत के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : $1 \times 4 = 4$

27. कर्नाटक के साहित्यकारों की कन्नड भाषा तथा संस्कृति को क्या देन है ?

**अथवा**

'कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।' इसका समर्थन कीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

प्रसार तेरी ................................................

................................................................

..............................................................

........................................... गा रही हैं ।

**अथवा**

तुलसी साथी ............................................ ।

........................................ भरोसो एक ।।

## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. निम्नलिखित में दीर्घ संधि का उदाहरण है –
(A) परोपकार (B) गिरीश
(C) गणेश (D) अत्यंत ।

30. 'पंचवटी' शब्द में समास है –
(A) द्वंद्व (B) कर्मधारय
(C) द्विगु (D) तत्पुरुष ।

31. 'स्वीकार' का विलोम शब्द है –
(A) अस्वीकार (B) स्वीकृत
(C) स्वीकार्य (D) स्वीकरणीय ।

32. 'मालिक' का स्त्रीलिंग शब्द है –
(A) मालिका (B) मलिका
(C) मालिकिन (D) मालकिन ।

33. साहूकार ..................... एक आलीशान कोठी थी ।
इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा –
(A) के (B) को
(C) की (D) का ।

34. निम्न में बहुवचन शब्द है –
(A) जगह (B) योजनाएँ
(C) कला (D) संस्कृति ।

35. **उसकी आँखें भर आयी थीं**
इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा –
(A) अर्ध विराम (B) विवरण चिह्न
(C) योजक चिह्न (D) पूर्ण विराम ।

36. निम्न में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया का शब्द है —

(A) पढ़ाई (B) पढ़ो

(C) पढ़ाना (D) पढ़वाना ।

## खण्ड - ग

## ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

बिलियर्ड्स एक प्रकार का अंग्रेजी खेल है, जो जगत प्रसिद्ध है । इसे खेलने में एक विशिष्ट प्रकार के गेंद की जरूरत होती है । पहले यह गेंद हाथी के दाँत से बनाया जाता था । खेल की जनप्रियता बढ़ने पर गेंद की माँग भी बढ़ गई । दक्षिण अफ्रीका में हाथियों की हत्या कर उनके दाँतों से गेंद बनाने के कारण हाथियों की संख्या कम होने लगी । तब गेंद बनाने वाली कंपनियों के मालिकों ने अन्य किसी चीज से गेंद बनाने के बारे में सोचा । उन्होंने घोषणा की - 'जो हाथी दाँत छोड़कर किसी अन्य चीज़ से बिलियर्ड्स की गेंद बनाएगा, उसे पचास हजार रुपयों का इनाम दिया जाएगा ।' तत्पश्चात् बिलियर्ड्स की गेंद बनाने के लिए प्लास्टिक का आविष्कार हुआ ।

37. बिलियर्ड्स कैसा खेल है ?

38. हाथियों की संख्या कम होने का कारण क्या था ?

39. बिलियर्ड्स के गेंदों की मांग क्यों बढ़ गई ?

40. गेंद बनाने वाली कंपनियों ने क्या घोषणा की ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $4 \times 1 = 4$

41. गाँधी जी रवींद्रनाथ ठाकुर जी से अत्यंत प्रभावित थे ।

42. रास्ते में भिखारी को एक छोटा बच्चा मिला ।

43. आज का युग इटरनेट युग है ।

44. समय कभी रुकता नहीं है ।

X. 45. कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । 1 × 4 = 4

**अथवा**

विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

XI. 46. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4

क) पर्यावरण की रक्षा

- अर्थ
- महत्व
- सुरक्षा के उपाय
- उपसंहार ।

ख) नागरिक के कर्तव्य

- विषय प्रवेश
- कर्तव्य और लक्षण
- महत्व
- उपसंहार ।

ग) इंटरनेट

- अर्थ
- उपयोग, सुविधाएँ
- दुष्परिणाम
- उपसंहार ।